समाचार–प्रकाशनार्थ :–

अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना का पहला चरण शुरू

पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जायेगा अमृत सागर क्षेत्र ***–श्री काश्यप***

एक करोड की एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन की पूजा–अर्चना व फीता काटकर किया लोकार्पण

रतलाम 26 दिसम्बर । अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने हेतु क्रय की गई एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन क्रय करना अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना का पहला चरण है। इससे जलकुंभी की सफाई के बाद अमृत सागर तालाब का स्वरूप निखरेगा। इसके बाद इसके सहित पूरे क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

उक्त उद्‌गार विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप ने एक करोड की एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस मशीन के माध्यम से अमृत सागर तालाब की वर्षो पुरानी समस्या जलकुंभी से निजात मिलेगी। इस मशीन के माध्यम से तालाब की जलकुंभी को आधुनिक तरीके से निकाला जायेगा।

उन्होने कहा कि मशीन के माध्यम से तालाब से जलकुंभी को निकालने के साथ–साथ भविष्य में फिर जलकुंभी तालाब में ना पनपे, इस हेतु योजना के तहत नालों पर वेटलेड का निर्माण किया जाकर पानी का ट्रीटमेंट किया जाकर तालाब में छोड़ा जायेगा। सीवरेज योजना के तहत घरेलू कनेक्शन हो जाने के बाद तालाब में मिल रहा लगभग 10 हजार घरो का गंदा पानी तालाब में नहीं मिलेगा व जलकुंभी नहीं पनप पायेगी।

मुख्य अतिथि मा0 श्री काश्यप ने कहा कि अमृत सागर तालाब की भौगोलिक स्थिति अन्य शहरों की तुलना में उत्तम होने से योजना के तहत इस क्षेत्र को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जायेगा जिससे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होने इस अवसर पर कहा कि तालाब के चारो ओर सड़क, तालाब की पिचिंग का निर्माण करवाया जायेगा साथ ही गढ़ कैलाश क्षेत्र का विकास किया जाकर हरिद्वार में ऋषिकेश मार्ग पर लगी भगवान शिव की बड़ी भव्य प्रतिमा जैसी प्रतिमा का निर्माण कराया जाएगा।

पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल ने इस अवसर पर कहा कि 21 करोड़ की अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना से अमृत सागर क्षेत्र निश्चित ही भोपाल के सैर–सपाटा पर्यटन स्थल की तरह विकसित होगा व नगर के नागरिकों को रोजगार प्राप्त होगा क्योंकि जहां पर्यटन होता है वहां रोजगार होता है।

पूर्व क्षेत्रोय पार्षद प्रतिनिधि श्री राकेश मीणा ने इस अवसर पर अमृत सागर क्षेत्र का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ होने पर विधायक रतलाम शहर माननीय श्री काश्यप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र का कायाकल्प होकर गंदगी व मच्छरों की समस्या से मुक्ति तो मिलेगी साथ ही क्षेत्र स्वच्छ व सुन्दर होगा।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने स्वागत उद्‌बोधन देते हुए अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना की जानकारी से अवगत कराते हुए बताया कि एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन एक मीटर गहराई तक जलकुंभी को निकालेगी। एक बार में 5 क्यूबिक मीटर जलकुंभी संग्रहित कर तालाब के प्लेटफार्म तक लाकर हाईड्रोलिक की सहायता से डम्पर में डालेगी व निकाली गई जलकुंभी से खाद बनाई जायेगी। यह मशीन 10 वर्षो तक ठेके पर चलाई जायेगी जिसमें मशीन का मेंटेनेंस, ड्रायवर,

हैल्पर, डीजल–पेट्रोल ठेकेदार का ही रहेगा। इस कार्य पर कुल 1 करोड 89 लाख 60 हजार रूपए खर्च होंगे।

कार्यक्रम में श्री गढ़ कैलाश नवयुवक मंडल, भाजपा दीनदयाल मंडल एवं क्षेत्रवासियों द्वारा विधायक श्री काश्यप का क्षेत्र में विकास कार्य करने पर अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कन्हैयालाल मौर्य, पूर्व महापार श्री शैलेन्द्र डागा, श्रीमती आशा मौर्य, जिला भाजपा महामंत्रो श्री निर्मल कटारिया, श्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री श्री मनोहर पोरवाल, कार्यालय मंत्री श्री मनोज शर्मा, झुग्गी प्रकोष्ट की प्रदेश सह संयोजक श्रीमती अनिता कटारिया, मंडल अध्यक्ष सर्वश्री निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, कृष्ण कुमार सोनी, कर्णधीर बड़गोत्या, आदित्य डागा, भाजयुमा अध्यक्ष श्री विप्लव जैन, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री मंसूर जमादार, सह मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, पूर्व महापौर परिषद सदस्य श्री भगतसिंह भदौरिया, श्रीमती मनीषा शर्मा, पूर्व पार्षद सर्वश्री सुशील सिलावट, मोहम्मद सलीम मेव, महेन्द्रसिंह चन्द्रावत, सतीश भारतीय, श्रीमती ललीता पवांर, श्रीमती अनिता कटारा के अलावा सर्वश्री राकेश परमार, नन्दकिशोर पवांर, हेमन्त राहौरी सहित निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री मनोज शर्मा ने किया व आभार उपायुक्त श्री विकास सोलंकी ने माना।

समाचार/ज.सं.वि./हेमन्त/26.12.2021/न.पा.निगम, रतलाम.